दिनांक 30 अक्टूबर 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के सभागार में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' शीर्षक पर निबंध लेखन और नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

बेटियां अगर शिक्षित होंगी तो हर परिवार सुनिश्चित रूप से शिक्षित होगा और समाज का ढांचा परिवर्तित होगी। बेटियाँ हमारा गर्व हैं। इनकी परवरिश और शिक्षा-दीक्षा भली भांति होने से हमारे समाज तथा देश का भविष्य उज्जवल बनाना होगा। इसी भावना से अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता की सत्प्रेरणा से अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

महिला प्रकोष्ठ संयोजिका संभाग प्रथम डॉ० गीता गुप्ता तथा संभाग तृतीय डॉ० रेनू माहेश्वरी के मार्गदर्शन में ये प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में पूजा, मधु तथा चेतना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया और नारा लेखन प्रतियोगिता में नीरज, वंदना तथा गीतिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें प्रमुख रूप से –

"जीने का हक़ दो बेटी को, और शिक्षा का अधिकार।

सृजनकर्ता हैं सृष्टि की, बिन बेटी सूना हैं संसार ॥"

जैसे नारे विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए।

निर्णायक मंडल की भूमिका में श्रीमती किरण आनंद, डॉ० रामचंद्र तथा डॉ० रेनू माहेश्वरी थीं।